हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार 19 अगस्त 2025

11 भदाना में बीमारियों से बचाव के लिए करवाई फॉगिंग



12 विधायक से की गेटवे ऑफ हरियाणा बनवाने की मांग



NV CITY
SnPC Global

# NV CITY

RERA Approved | Prime Location | Great Investment

RERA APPROVED
Registration No.
HRERA-PKL-
SNP-630-2024

## Nv City Awarded Under
## Pradhan Mantri Awas Yojana
### Affordable Housing Award



Our Projects

NV CITY
SECTOR 10A
KHARKHODA

NV CITY
ROHTAK

UPCOMING PROJECTS

NV CITY
BAHADURGARH

NV CITY
SECTOR 6
KHARKHODA
Near KMP & Maruti Plant

NV CITY
JIND

CALL NOW +91 9717069491 | +91 9812502777 | +91 9315439912

**खबर संक्षेप**

## भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी को समर्पित है अजा एकादशी का उपवास : शर्मा

**झज्जर।** भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को अजा एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि भगवान विष्णु यह व्रत रखने वाले व्यक्ति के सभी दुखों का निवारण करते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप घर में खुशहाली, सुख, समृद्धि का आगमन होता है।



पंडित गुलशन शर्मा

अबकी बार अजा एकादशी का उपवास मंगलवार को रखा जाएगा। धार्मिक दृष्टि से यह व्रत बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंदू धर्म में एकादशी का बहुत महत्व होता है। भगवान विष्णु और देवी मां लक्ष्मी को समर्पित इस उपवास में एकादशी के दिन व्रत रखकर रातभर जागरण किया जाता है और श्रीहरि का ध्यान लगाया जाता है। श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु के भोग में तुलसी को जरूर शामिल करना चाहिए। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही देवी मां लक्ष्मी की कृपा से सुख और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।

### जलभराव के समय दुकान पर बैठना हो रहा मुश्किल

# नालियां अवरुद्ध होने की समस्या से परेशान व्यापारी, दुकानदारी प्रभावित

■ नालियों की सफाई न होने के कारण तेज बहाव के चलते गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के मेन बाजार में डाकखाना परिसर के नजदीक नेताजी सुभाष चौक पर नियमित साफ-सफाई न होने के कारण नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल रहा है। आए दिन हो रही इस जलभराव की समस्या से दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी हो रही है। दुकानदार दिन भर दुकान के सामने फैले गंदे पानी को साफ करने में जुटे दिखाई देते हैं। उनका कहना है कि उनके लिए जहां जलभराव के समय दुकान पर बैठना मुश्किल हो जाता है वहीं ग्राहक भी दुकान पर आने से कतराते हैं। इस कारण ग्राहकी में भी कमी आ रही है। यह स्थिति तकरीबन सुबह-सुबह उस दौरान



झज्जर। नेताजी सुभाष चौक पर अवरुद्ध नालियों के चलते सड़कों पर फैला गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि

रहती है जब क्षेत्र में पेयजल सप्लाई होती है। नालियों की सफाई न होने के कारण तेज बहाव के चलते गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ जाता है। उसके बाद दोपहर तक चौक पर कीचड़ जैसी स्थिति बनी रहती है। यह समस्या पिछले कई माह से बनी है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले लगभग दो वर्षों से चौक की यही स्थिति है। चौक के व्यापारी अपनी इस समस्या को लेकर समाधान शिविर में जा चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया। पिछले दिनों नगर परिषद के ईओ देवेंद्र ने पाइप खोलने का आश्वासन दिया था जिसके बाद व्यापारियों को राहत मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन यह आश्वासन सिर्फ आश्वासन बन कर ही रह गया। ऐसे में सोमवार को भी जब नालियां ओवरफ्लो होने लगी तो व्यापारियों ने मंगलवार को नगर परिषद ईओ से मिलने की बात कही। व्यापारियों का कहना है कि यदि ईओ से मिलकर बात नहीं बनती है तो वे वीरवार को फिर से समाधान शिविर में डीसी के समक्ष अपनी समस्या रखेंगे। व्यापारियों का कहना है कि यदि अंडरग्राउंड नालियों की सफाई नहीं हो पा रही तो यहां ओपन नालियां बनाई जाए।

## भदाना में बीमारियों से बचाव के लिए करवाई फॉगिंग



झज्जर। भदाना गांव फॉगिंग करते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव भदाना में डेंगू मलेरिया के बचाव के लिए फॉगिंग करवाई गई। सरपंच पवन कुमार बताया कि बारिश के कारण हुए अधिक जलभराव से मच्छरों से जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग करवाई गई है। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि अपने घरों के आसपास पानी एकत्रित न होने दें और न ही गंदगी फैलाए। इस दौरान पंच धर्मेंद्र, राकेश, राधा कृष्ण, संगीता, कामनी, अंजू रानी सहित अन्य ग्रामीणों ने भी सहयोग किया।




झज्जर। जन्माष्टमी कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए नन्हें विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## नन्हें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी आकर्षक प्रस्तुति

**झज्जर।** संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के चेयमैन डॉक्टर महिपाल व प्राचार्या श्वेता कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने श्रीराधा-कृष्ण की वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। माखन चोरी, बाललीला, दही-हांडी और कृष्ण भक्ति गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और नैतिक मूल्यों के प्रति आस्था जगाते हैं। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी के महत्व से अवगत कराया।

## कांग्रेस को बांगलादेशी घुसपैठियों के वोट कटने की चिंता

**झज्जर।** महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनावों में हुई करारी हार स्वीकारने की बजाए कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मतदाता सूची की शिकायत कर दी, अब बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की संवैधानिक प्रक्रिया शुरू करने पर राहुल गांधी और विपक्षी दलों ने वोट कटने का झूठा हल्ला शुरू कर दिया। असल मुद्दा यह है कि कांग्रेस को अवैध रूप से घुसपैठ कर बिहार में रह रहे बांग्लादेशियों के वोट कटने की चिंता सता रही है।

अवैध बांग्लादेशियों के वोटों को कांग्रेस अपना वोट मानती है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने जिला कार्यकारिणी की बैठक के उपरांत पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, नपा चेयरमैन बेरी देवेंद्र कादियान उर्फ बिल्लू, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, संजय कबलाना, दिनेश कौशिक, आनंद सागर, मनीष बंसल, अत्तर सिंह यादव, केशव सिंगल, रत्न सागर सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# शिक्षकों की सुरक्षा के लिए इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल ने सीएम को भेजा ज्ञापन

■ काउंसिल सदस्य लघु सचिवालय पहुंचे और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के सदस्यों ने शिक्षकों और स्कूल संचालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष गारंटी पॉलिसी बनाने की मांग की है। सोमवार को काउंसिल सदस्य लघु सचिवालय पहुंचे और एसडीएम अंकित कुमार चौकसे को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा गया है कि शिक्षक और स्कूल संचालक समाज का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो बच्चों और समाज का भविष्य का निर्माण करते हैं। बीते कुछ दिनों से शिक्षकों पर हमले, मारपीट और हत्या जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में भिवानी जिले के एक निजी प्ले



झज्जर। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए काउंसिल सदस्य। फोटो :हरिभूमि

स्कूल की शिक्षिका मनीषा की हत्या ने पूरे शिक्षा जगत को झकझोर दिया है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक और सामाजिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष जयवीर कौशिक ने कहा कि जैसे पुलिस, डॉक्टर और अन्य संवेदनशील सेवाओं के लिए सुरक्षा प्रावधान किए गए हैं, वैसे ही शिक्षकों और स्कूल संचालकों के लिए भी विशेष सुरक्षा गारंटी पॉलिसी बनाई जानी चाहिए। काउंसलिंग द्वारा शिक्षकों और स्कूल संचालकों की सुरक्षा के लिए कानूनी सुरक्षा गारंटी एक्ट बनाने, विद्यालय परिसरों में प्रशासन की ओर से सुरक्षा दिशा-निर्देश और आवश्यक बल की सुविधा दिए जाने, शिक्षकों पर हमले की घटनाओं के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने, स्कूलों के लिए हेल्पलाइन एवं आपातकालीन सुरक्षा नंबर जारी करने तथा शिक्षकों और स्कूल संचालकों के लिए बीमा व मुआवजा नीति लागू करने की मांग की है। काउंसिल सदस्यों ने कहा कि जब तक शिक्षकों और स्कूल संचालकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं होगी, तब तक शिक्षा व्यवस्था सुरक्षित और प्रभावी नहीं हो सकती। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस दिशा में तत्काल ठोस कदम उठाने की अपील की है।

# दोस्तों के साथ बैठकर पी शराब, नशा ज्यादा होने पर मौत के घाट उतारा

■ श्मशान के पास मिला मनेठी के युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मनेठी गांव में रविवार की रात एक युवक की पत्थर से सिर फोड़कर हत्या कर दी गई। उसका शव श्मशान घाट के पास पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। डीएसपी जोगेंद्र और सीन ऑफ क्राइम टीम भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के कुछ दोस्तों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हत्या



नवीन के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते हुए, घटना स्थल पर जांच करते हुए पुलिस तथा इनसेट में मृतक नवीन का फाईल फोटो।

शराब के नशे में झगड़ा होने के बाद की गई थी। गांव का करीब 35 वर्षीय युवक नवीन गाड़ी चलाता था। रविवार शाम को वह घर से निकलने के बाद वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह ग्रामीणों को श्मशान घाट के पास शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर थाना खोल पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त नवीन के रूप में हो गई। शव के पास खून से सना हुआ पत्थर भी पुलिस ने बरामद किया है। सूचना मिलने के बाद डीएसपी जोगेंद्र और सीन ऑफ क्राइम टीम भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भेज दिया। बाद में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सौंप दिया।

**शराब के नशे में हुआ झगड़ा**

आरंभिक पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि रात को नवीन ने अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर ठेके के पास ही शराब पी थी। इसके बाद नवीन का उन लोगों के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी दौरान दोस्तों ने ही उस पर पत्थरों से वार कर दिया, जिस कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसा गांव के कुछ युवकों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, परंतु गिरफ्तारी की पुष्टि अभी तक नहीं की गई है।

# एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। इस दौरान नपा सचिव पूजा साहू, एसईपीओ सत्यवान अहलावत, एआईपीआरओ डॉक्टर अश्वनी शर्मा, बीइओ डॉ. अशोक रोहिल्ला, एसडीओ पशुपालन विभाग डॉक्टर



बेरी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

ऋषिपाल, जेई पीडब्ल्यूडी प्रवीण अहलावत, जेई जनस्वास्थ्य विभाग अरुण मलिक, विकास कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।




## द्वारका के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के तीन स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिससे विद्यार्थियों में दहशत फैल गई और प्राधिकारियों को परिसर खाली कराने पड़े। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन स्कूलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल और श्री राम वर्ल्ड स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये धमकियां ईमेल के जरिए मिलीं।अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की कई टीम मौके पर पहुंच गई हैं। साइबर टीम ईमेल भेजने वाले के 'इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) एड्रेस' का पता लगाने में जुटी हैं। अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि स्कूलों में तलाश अभियान जारी है।

## टेस्ट ड्राइव के बहाने कार चोरी का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मई माह में टेस्ट ड्राइव के बहाने कार चोरी करने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। कार भी बरामद की जा चुकी है। मॉडल टाउन थाना पुलिस को 23 मई को दर्ज शिकायत में कृष्णा नगर निवासी आकाश ने बताया था कि उसके पास उसके रिश्तेदार फरीदाबाद निवासी हरिकृष्ण की वर्ना कार थी। कार को बेचने के लिए ऑनलाइन विज्ञापन डाला हुआ था। उसकी दुकान पर दो युवक आए थे। उन्होंने कार खरीदने के लिए टेस्ट ड्राइव करने के लिए कहा। उसने कार का टेस्ट ड्राइव करा दिया। ह अपनी दुकान पर आ गया। दोनों मौका पाकर दुकान से कार की चाबी चोरी कर ले गए। दुकान से कुछ दूरी पर खड़ी कार लेकर दोनों फरार हो गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सोमड़ा निवासी विशाल गुर्जर को चोरी की कार सहित गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने दूसरे आरोपी तावडू निवासी मतजीद मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में आग लगने से तीन लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के राजा गार्डन में सोमवार अपराह्न इलेक्ट्रॉनिक्स की एक दुकान में आग लग गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चार मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर स्थित महाजन इलेक्ट्रॉनिक्स में अपराह्न 3.08 बजे आग लगने की सूचना मिली। अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि हमने दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। चार लोग धुएं के कारण बेहोश हो गए और उन्हें कैट्स एम्बुलेंस द्वारा पास के अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि आग में दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति का अस्पताल में उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि अग्निशमन अभियान शाम 4.10 बजे समाप्त हो गया।

## खबर संक्षेप

### गांव बुपनिया में किया शहीदों को सलाम

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शहीदों को सलाम देते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। स्कूल मुखिया रेखा रानी ने 86 वर्षीय वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी बनवारी के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया व तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी सत्यनारायण, शिशु, सरपंच प्रतिनिधि अनिल, चांदराम व एसएमसी प्रधान मंजीत आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। वरिष्ठ अध्यापक दयानंद ने अन्य अध्यापकों के साथ शहीदों के स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित किए। प्राध्यापिका सीमा ने मंच संचालन किया।

### चरस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने चरस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को नए बस अड्डे के पास सर्विस रोड से काबू किया गया है। आरोपी की पहचान योगराज के रूप में हुई है। जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कृषि यंत्रों पर मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिले में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा



चालू वित्त वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों से फसल अवशेषों को खेत में मिलाने व पराली प्रबंधन के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों को पचास प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। बीस अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### पवन जैन को किया सम्मानित

**बहादुरगढ़।** बीसीसीआई के सचिव, वैश्य महिला शिक्षण महाविद्यालय के उपाध्यक्ष, भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के संरक्षक और तेरा पंथ जैन समाज के अध्यक्ष पवन जैन को समाज सेवा के उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए जिलास्तर पर रास सांसद रामचंद्र जागड़ा और डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से वे कई वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में लगे हैं।

### इनेलो ने कई गांवों में दिया निमंत्रण

**बहादुरगढ़।** इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला बुधवार 20 अगस्त को सुबह 10 बजे बहादुरगढ़ राठी फार्म हाउस में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने सोमवार को नूना माजरा, मेहंदीपुर डाबोदा, डाबोदा कलां, मांडोठी, सराय औरंगाबाद व कसार में ग्रामीणों को जनसभा में पहुंचने का निमंत्रण दिया। मौके पर इनेलो शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी, सोनू राठी, देवेंद्र राठी, रामबीर दलाल, नरेश जून, रामचंद्र, बलबीर सांगवान, एडवोकेट सतपाल डाबोदा, राजेंद्र कोच, बलजीत रूघा, बलवान दलाल, सूरजमल दलाल आदि मौजूद रहे।

### खंड स्तर पर हुई कई प्रतियोगिताएं, बच्चों में दिखा उत्साह

# स्लोगन में दीपिका व दर्श और कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता में अंशु प्रथम रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नूना माजरा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह की अध्यक्षता में निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कार्टून मेकिंग, डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें मान्या व मोनिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लोगन में दीपिका व दर्श शर्मा प्रथम रहे। कार्टून मेकिंग में अंशु, निबंध प्रतियोगिता में जीत सिंह प्रथम रहे। इसके अलावा पारुल, महक व कुंजन ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीईओ शेर सिंह ने सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।



बहादुरगढ़। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते बीईओ शेर सिंह।



बहादुरगढ़। स्टेडियम में खिलाड़ियों के साथ विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

### जमीनी खेल महोत्सव में दिखी प्रतिभा, विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया

बहादुरगढ़। ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में पहल संस्था द्वारा केएचएम हैपी चाइल्ड स्कूल के सहयोग से बहु-खेल प्रतिभा खोज का आयोजन किया गया। विधायक राजेश जून ने मुख्य अतिथि के रूप में इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसमें 100 से अधिक बच्चों ने एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल और कुश्ती में प्रतिभा दिखाई। आर्ना राजवंशी, रमेश चंद्र, जोगेंद्र भगत, विजेंद्र छिल्लर व अनिल सहवाग ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रेरणा-स्वरूप प्रमाण-पत्र तथा विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।




बहादुरगढ़। जीत के बाद खुशी जाहिर करते बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

# माउंट आबू में जीते बीआरजी के धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ 2500 धावकों में दम दिखाते हुए अर्पिता ने पाया पहला स्थान

राजस्थान के माउंट आबू में आयोजित भव्य राजस्थान मैराथन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन में चार देशों के 2500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया और 21.9 किलोमीटर की कठिन पहाड़ी दौड़ को पूरा किया।

बहादुरगढ़ की अर्पिता सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं सीमा ने 5वां स्थान और भूमि ने छठा स्थान प्राप्त कर किया। दीपक छिल्लर ने बताया कि टीम बीआरजी के अन्य धावकों का भी दमदार प्रदर्शन रहा। ब्रह्मप्रकाश मान, धर्मवीर सैनी, तेजस, राजपाल, संजीव, दीपक हुड्डा, डीके शर्मा, रमेश शर्मा, राजेंद्र पाल बावा, पुष्कर, बनेश, विजय वरुण, ललिता पांडे, रवि, दीपक, संदीप, विनोद, जतिन और अजय ने भी दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की। एशियन मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा ने विशेष अतिथि के रूप में धावकों का प्रोत्साहन और मार्गदर्शन दिया।

# शिक्षिका मनीषा की हत्या पर किसान खेत मजदूर संगठन ने जताया रोष

■ ट्रक मार्किट से राव तुलाराम चौक तक जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने भिवानी जिले के गांव ढाणी लक्ष्मण की बेटी मनीषा की बर्बर हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। रेवाड़ी रोड ट्रक मार्किट से राव तुलाराम चौक तक निकाले गए जुलूस में कार्यकर्ताओं ने हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करो, बढ़ते अपराधों पर रोक लगाओ आदि नारे लगाए।

संगठन के जिला कमेटी सदस्य ओमबीर सिंह ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। बीती 11 अगस्त से अब तक कातिलों की गिरफ्तारी न होना सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जिला कमेटी सदस्य सतपाल सभ्रवाल ने कातिलों को तुरंत गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाने व उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग प्रदेश सरकार से की। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों पर रोक लगाने के लिए सरकार को ठोस व प्रभावशाली कदम उठाने होंगे ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में विश्वास कायम हो सकें। इस दौरान किशन छबीली, संसार सुरहेती, जोगेंद्र सैनी, हरीश हसनपुर, आनंद, नीतू, जीते, मंजीत, बलजीत, अर्जुन, आशु, नितिन, प्रवीण, तुषार, राजेश, जिशान खान, गनी खान, सुमित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। राव तुलाराम चौक पर विरोध प्रदर्शन करते संगठन सदस्य एवं समर्थक।

# टीचर मनीषा की हत्या से प्ले स्कूल संचालकों में खौफ



बहादुरगढ़। एसडीएम झज्जर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते प्ले स्कूल संचालक।

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष जयबीर कौशिक की अगुवाई में जिले के निजी प्ले स्कूल संचालकों ने झज्जर के एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन प्रेषित किया। इसमें शिक्षकों व स्कूल संचालकों की सुरक्षा के लिए गारंटी पॉलिसी बनाने और ठोस कदम उठाने की मांग की गई। धर्मबीर, राकेश शर्मा, संतोष शर्मा, प्रवीण आर्य, सुरेंद्र सैनी, प्रदीप जांगड़ा, राजेश जाखड़, मंजीत, देवेन शर्मा, दीपक मलिक, सारिका शर्मा और ममता शर्मा आदि ने एसडीएम झज्जर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि भिवानी जिले के एक निजी प्ले स्कूल की शिक्षिका मनीषा की हत्या की घटना ने संपूर्ण शिक्षा जगत के साथ समाज को झकझोर दिया है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। इस घटना से शिक्षकों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। सरकार शिक्षकों और स्कूल संचालकों के लिए भी एक विशेष सुरक्षा गारंटी पॉलिसी बनाए। पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की जाए। शिक्षकों पर हमले की सूरत में सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्कूलों के लिए हेल्पलाइन/आपातकालीन सुरक्षा नंबर जारी किया जाए। शिक्षकों व संचालकों के लिए बीमा और मुआवजा नीति लागू की जाए।

# अमर शहीद मदन लाल ढींगरा को दी श्रद्धांजलि

**झज्जर।** क्रांतिकारी अमर शहीद मदन लाल ढींगरा के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को पंजाबी समाज के लोगों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पंजाबी धर्मशाला में बने मदनलाल ढींगरा हाल में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए आप और हम वेलफेयर



सोसायटी के पदाधिकारी विनीत पोपली, समिति प्रधान कृष्ण लाल शर्मा ने कहा कि मदन लाल ढींगरा के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। मदन लाल ढींगरा ने भारतीयों पर अत्याचार करने वाले अंग्रेज अधिकारी को लंदन में पांच गोलियां मारकर ढेर कर दिया था। मदन लाल ढींगरा बचपन से ही क्रांतिकारी विचारों के धनी थे। इस दौरान लोगों ने मदन लाल ढींगरा अमर रहे, वंदे मातरम के नारे भी लगाए। वक्ताओं ने शहीद मदन लाल ढींगरा के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारत माता की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। देश उन्हें आज भी याद करता है और हमेशा याद करता रहेगा। इस मौके पर प्रधान कृष्ण लाल शर्मा, विनीत पोपली, बिल्लू ढींगरा सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# शिविर में 80 युवाओं ने किया रक्तदान



झज्जर। शिविर में रक्तदान करते हुए युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया और इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र के गांव माछरौली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मदनलाल धींगरा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में डॉक्टर ज्योति ने कहा कि रक्तदान सिर्फ दूसरों की मदद नहीं करता, बल्कि यह हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। रक्तदान से जहां हमारे शरीर में सही तरीके से रक्त संचार होता है वहीं अनेक बीमारियों के जोखिमों को भी कम करता है। शिविर में कुल 80 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को बैच लगाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीरेंद्र, रेडक्रॉस सोसायटी सदस्य दीपक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### केबल बॉक्स जलने से आधा दर्जन गांवों की बिजली रही घंटों ठप

बहादुरगढ़। बादली पावर हाउस में सोमवार की दोपहर अचानक केबल लाइन में आग लगने से छह गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। करीब पांच घंटे बाद लाइन की मरम्मत कर बिजली बहाल की गई। दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे यह फाल्ट हुआ था। जैसे ही केबल जली तो कुकड़ोला, मुनीमपुर, बामड़ोला, लाडपुर और खेड़ी जट्ट सहित छह गांवों की बिजली आपूर्ति थम गई। घटना की सूचना मिलते ही निगम की इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंची। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद शाम छह बजे तक सप्लाई बहाल की गई।

### पुलिस कमिश्नर ने किया औचक निरीक्षण

# ड्यूटी में लापरवाही करने पर नाके पर तैनात कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार देर रात पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने पुलिस चौकी दुलीना और क्षेत्र में लगे विभिन्न नाकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी के भवन तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चौकी प्रभारी के एमएचसी कक्ष के रिकॉर्ड की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी में चौकी प्रभारी के कार्यालय का भी निरीक्षण किया और उन्हें अपना रिकॉर्ड को सुरक्षित एवं उचित ढंग से रखने, चौकी परिसर में साफ सफाई व सुंदरता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने चौकी में तैनात अनुसंधान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चौकी में कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। वहीं महिला विरुद्ध अपराध की सूचना पर बिना किसी देरी से कार्यवाई होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने नाकों का भी दौरा किया और ड्यूटी में कोताही पाई जाने पर याकूबपुर नाके पर तैनात पुलिस कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है और उन्हें हिदायत दी गई हैं कि अगर भविष्य में दोबारा कोई गलती करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं बीते दिनों औद्योगिक क्षेत्र बहादुरगढ़ का औचक निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर कर्मचारियों से उनका स्पष्टीकरण मांगा गया था।

परंतु औद्योगिक चौकी बहादुरगढ़ मे तैनात दो कर्मचारी द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण संतोषजनक न मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनको लाइन हाजिर किया गया है।



झज्जर। दुलीना पुलिस चौकी का निरीक्षण करते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

### मिनी ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना में मिनी ट्रक और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक पर सवार एक महिला की मौत हो गई। इस संबंध में आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। मृतका की पहचान करीब 55 वर्षीय सरोज के रूप में हुई है। गांव माजरी की निवासी सरोज बेटे देवव्रत के साथ बाइक पर बैठकर खेत में जा रही थी। गुभाना-बादली रोड पर जब नहर के पास पहुंचे तो पीछे से एक मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों चोटिल हो गए। सरोज की हालत गंभीर थी। उसे गुरुग्राम के अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और परिजनों के बयान लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। मृतका के बेटे देवव्रत का आरोप है कि गाड़ी चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद एक बार तो चालक रुका लेकिन फिर वहां से भाग गया। वहीं, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है।

# धर्म को बढ़ावा देना हम सबकी जिम्मेदारी



बहादुरगढ़। टांडाहेड़ी में कथा सुनाते पंडित नेकराम शास्त्री।

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी में स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा में कथावक्ता पंडित नेकराम शास्त्री ने भगवान की अनेक लीलाओं का वर्णन किया। सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेक बाल लीलाएं कीं, जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि हैं। कथा व्यास ने कहा कि जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है, तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं, उसे दर्शन देते है। उन्होंने कहा कि धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है, तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि हम अपने धर्म के प्रति सचेत नहीं हैं, शायद इसी कारण हम खुद के प्रति सचेत नहीं है। धर्म हमारी जड़ में है, धर्म को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** यातायात समन्वयक प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सोमवार को न्यू हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, इसलिए हर चालक का दायित्व है कि उनका पालन करे। निरीक्षक सतीश कुमार ने छात्रों से अपील की कि वाहन चलाने से पहले लाइसेंस अवश्य बनवाएं और गाड़ी के सभी कागजात पूरे रखें। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया भी समझाई। कार्यक्रम में उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया और छात्रों से पढ़ाई, खेलकूद तथा सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की।



### नवागंतुक को दी महाविद्यालय के नियमों की जानकारी

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में भूगोल विभाग की ओर से नए शुरू हुए स्नातकोत्तर कोर्स के विद्यार्थियों के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भूगोल विभागाध्यक्ष ओमबीर ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2025-26 से पहली बार भूगोल विषय में मास्टर डिग्री की उपाधि प्रदान की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को सिलेबस, विभिन्न छात्रवृत्तियों, सेल, पुस्तकालय और महाविद्यालय के नियमों की जानकारी दी। प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता मेहनत और अनुशासन से ही प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। इस मौके पर भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर पवन कुमार और प्रदीप कुमार ने भी विद्यार्थियों का भूगोल विषय के प्रति ज्ञानवर्धन किया।

# जुलाई-अगस्त में अब तक 463 एमएम बरसात हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में इस बार मानसून मेहरबान है। सावन माह के बाद अब भाद्रपद में भी बारिश का दौर लगातार जारी है। कभी तेज बारिश तो कभी हल्की बूंदाबांदी लोगों को राहत भी दे रही है और फसलों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

वर्ष 2025 में अब तक बारिश पिछले साल की तुलना में अधिक हुई है। जुलाई माह में 281 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई, जबकि अगस्त माह में 18 तारीख की सुबह 8 बजे तक 182.9 एमएम बारिश दर्ज की जा चुकी है। इस तरह पिछले करीब डेढ़ माह में कुल 463 एमएम वर्षा हो चुकी है। खास बात यह है कि अगस्त माह के अभी 13 दिन शेष हैं। ऐसे में जुलाई से अधिक बारिश अगस्त में होने की संभावना जताई जा रही है।

### सितंबर तक सिलसिला जारी रहने की संभावना

मौसम के मिजाज को देखते हुए सितंबर तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। कृषि विभाग के एसडीई डॉ. सुनील कौशिक ने बताया कि बारिश से फसलों को लाभ मिलता है। पर्याप्त नमी मिलने से किसानों को सिंचाई पर खर्च भी कम करना पड़ता है।

### लुहारहेड़ी मंदिर में दिए एक लाख



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को हनुमान जी की तस्वीर भेंट करते ग्रामीण।

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून गांव लुहारहेड़ी स्थित दूधाधारी मंदिर पहुंचे और वहां उन्होंने हनुमान मंदिर के निर्माण में योगदान देते हुए अपनी तरफ से एक लाख एक हजार रुपए का दान दिया। ग्रामीणों और मंदिर कमेटी ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उनके अनुसार विधायक के इस सहयोग से हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से पूरा होगा और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी आस्था साकार रूप लेगी। राजेश जून ने कहा कि धार्मिक स्थल समाज को संस्कार और एकता की दिशा देते हैं। हनुमान की भक्ति शक्ति और सेवा का प्रतीक है। वे भविष्य में भी क्षेत्र के धार्मिक, सामाजिक और जनहित के कार्यों में हरसंभव योगदान देंगे।

## खबर संक्षेप

### दुकान में घुसकर जान से मारने की धमकी दी

**बहादुरगढ़।** गांव खरहर में दुकान में घुसकर एक व्यक्ति से रुपये छीनने का प्रयास, मारपीट करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव के ही एक परिवार के दो सदस्यों पर आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात खरहर के निवासी ओमकंवार के साथ हुई है। ओमकंवार का कहना है कि उसकी गांव में दुकान है। अभी हाल ही में गांव के एक परिवार के दो सदस्य दुकान पर आए और आते ही मेरी जेब से रुपये निकालने की कोशिश की। विरोध किया तो जान से मारने की दी और वहां से चले गए। आरोपियों व उनके परिवार के अन्य सदस्यों पर पहले भी केस दर्ज है। वहीं, पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले में जांच शुरू की। आरोपी पक्ष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। जांच के बाद मामले की तस्वीर साफ हो पाएगी।

### किशोरी को अमर्यादित ढंग से छूने का आरोप

**बहादुरगढ़।** इलाके के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी को अमर्यादित ढंग से छूने का मामला सामने आया है। कुणबे में लगते ही एक शख्स पर यह गंभीर आरोप है। पुलिस ने पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामला सदर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। शिकायतकर्ता महिला ने कहा है कि पड़ोस में रहने वाला एक शख्स हमारे घर आया। वह नशे की हालत में था। उसने मेरी 13 वर्षीय बेटी को अमर्यादित तरीके से छूआ, जिसके बाद हमने विरोध कर उसे वहां से चलता किया। महिला द्वारा लगाए गए इन आरोपों में कितनी सच्चाई है, यह जांच के बाद ही साफ हो सकेगा। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### रोहद के खेतों में मृत मिला प्रवासी मजदूर

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद के खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में एक मजदूर का शव मिला। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद मौत के असल कारणों की पुष्टि हो सकेगी। आसौदा थाना पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान शंभू सदा के रूप में हुई है। शंभू सदा मूलतः बिहार का रहने वाला था। पिछले कुछ समय से अपने परिवार के साथ यहां गांव रोहद में किराये पर रहता था। दिहाड़ी मजदूरी करता था। जानकारी के अनुसार, रविवार को एक व्यक्ति उसे अपने खेतों में धान संबंधित कार्य करने के लिए ले गया था। दोपहर को वह व्यक्ति शंभू सदा को चाय देने गया, तब तक भी सब ठीक था लेकिन बाद में जब दोबारा गया तो शंभू खेत में मृत अवस्था में पड़ा था। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। शंभू के माथे पर आंख के ऊपर चोट का हलका निशान मिला है।

## शिक्षा के लिए जद्दोजहद



### राधा स्वामी कॉलोनी में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर की राधा स्वामी कॉलोनी में जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बरसात का पानी गलियों में भर जाने से खासतौर पर स्कूली बच्चों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को पानी के बीच ईंट-पत्थर डालकर बनाई गई पगडंडी से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कॉलोनीवासी नरेश, सुरेंद्र, महेंद्र और हरीश ने बताया कि मजबूरी में उन्हें अपने बच्चों को मोटरसाइकिल पर बैठाकर मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। उबड़-खाबड़ रास्ते के चलते दुर्घटना का भय भी बना रहता है। कालोनीवासी कविता, मूर्ति, भारती और ऊषा ने कहा कि कॉलोनी के तीनों मुख्य रास्तों पर पानी भरा हुआ है। एक गली में लोगों ने ईंट-पत्थर डालकर आवागमन का अस्थायी इंतजाम किया है, लेकिन यह भी सुरक्षित नहीं है। उन्हें पशुओं के लिए चारा लाने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए रोजाना आना-जाना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि पहले इस कॉलोनी को सर्वे के बाद वैध करार दिया गया था, लेकिन अब हुडा द्वारा इसे दोबारा अवैध घोषित कर दिया गया है। इसी कारण यहां सफाई कर्मी नहीं आते, जिससे गंदगी और जलभराव की समस्या बनी रहती है। कॉलोनीवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि कम से कम रास्तों में ईंट-रोड़ी डालकर आवागमन सुचारू किया जाए, ताकि बारिश में होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।

# खबर छपते ही विभाग ने ली बालौर से सिद्दीपुर लोवा की जर्जर सड़क की सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बालौर से सिद्दीपुर रोड पर गड्ढों को समतल करता विभाग का बुल्डोजर।

हरिभूमि इंपेक्ट

दैनिक हरिभूमि में सोमवार 18 अगस्त को बालौर से सिद्दीपुर लोवा तक की खस्ताहाल सड़क की खबर छपते ही लोक निर्माण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर काम शुरू कर दिया। चूंकि इस रास्ते पर वाहन ही नहीं पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। ऐसे में ग्रामीणों ने हरिभूमि समाचार पत्र के साथ ही लोक निर्माण विभाग तथा नायब सरकार का आभार जताया है।

बता दें कि बाइपास पर बालौर चौक से लोवा कलां गांव तक सड़क में गहरे गड्ढे बने हुए हैं। यहां से गुजरने वाले वाहन लगातार क्षतिग्रस्त हो रहे थे। दुर्घटनाओं के कारण भी ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा था।

इस रास्ते पर कन्या गुरुकुल और कामधेनु गौशाला के साथ ही कई गांवों के ग्रामीण प्रतिदिन सफर करते हुए परेशान होते थे। ग्रामीणों की इस समस्या को हरिभूमि समाचार पत्र ने सोमवार 18 अगस्त को प्रमुखता से प्रकाशित किया। फलस्वरूप पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया और एक टीम ने मौके पर पहुंचकर खस्ताहाल सड़क की सुध ली। गांव सिद्दीपुर, लोवा और इस्सरहेड़ी के ग्रामीणों ने इसके लिए हरिभूमि के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों और सरकार का आभार जताया है।


बालोर-सिद्दीपुर मार्ग पर लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे, प्रशासन के सुध न लेने से आक्रोश

# तीन दिन की छुट्टी के बाद नागरिक अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़



बहादुरगढ़। रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मौजूद लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

■ ईएनटी, हड्डी और दंत रोग विभाग में मरीजों की लगी कतारें

तीन दिन तक लगातार अवकाश रहने के बाद सोमवार को नागरिक अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइनें लग गईं और मरीजों को घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। अस्पताल के ईएनटी, हड्डी रोग, दंत चिकित्सा सहित लगभग सभी विभागों की ओपीडी के बाहर भीड़भाड़ देखी गई। सामान्य दिनों की तुलना में सोमवार को मरीजों की संख्या लगभग दोगुनी रही। दरअसल, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 को जन्माष्टमी और 17 अगस्त को रविवार के चलते नागरिक अस्पताल में अवकाश था।

लगातार तीन दिन तक ओपीडी बंद रहने से मरीजों को जांच व उपचार के लिए इंतजार करना पड़ा।

इसी कारण सोमवार को ओपीडी खुलते ही लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। लंबी लाइन और भीड़ के चलते कई मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ के कारण काफी देर बाद मरीजों का नंबर आया।

#### खचाखच रहा अस्पताल

रजिस्ट्रेशन केबिन पर सुबह से लेकर दोपहर तक कार्ड बनवाने के लिए कतार में खड़े रहे। वहीं कई विभागों में डॉक्टरों को भी सामान्य से अधिक मरीजों को संभालना पड़ा। मरीजों का कहना था कि छुट्टियों के चलते उनकी दिक्कतें बढ़ गई और उन्हें ईलाज के लिए काफी समय तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अवकाश के बाद पहले ही दिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। इस बार तीन दिन की छुट्टी होने के कारण संख्या और अधिक रही।

## मौसम के बदलते मिजाज ने बिगाड़ी लोगों की सेहत

■ अस्पताल पहुंच रहे उल्टी, दस्त, खांसी-जुकाम व बुखार के मरीज

**झज्जर ।** मौसम में हो रहे लगातार उतार-चढ़ाव का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। बदलते मौसम के कारण असंतुलित हुए शरीर के तापमान के चलते लोगों सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार की समस्याएं बढ़ गई हैं। वरिष्ठ चि कि त स क डॉक्टर मोनिल ने बताया कि इस दौरान शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मौसम का सीधा असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी देखा गया है। जहां कुछ लोगों को उदासी, बेचैनी और चिड़चिड़ापन महसूस किया गया है वहीं बच्चों और बुजुर्गों में दस्त, उल्टी और पीलिया जैसी बीमारियों की शिकायत आई है।

उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि बीमारियों से बचने के लिए सबसे पहले स्वच्छता पर ध्यान देना जरूरी है। हाथों को बार-बार धोना, आसपास सफाई रखना और दूषित पानी व भोजन से बचना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसके अलावा संतुलित और पौष्टिक आहार, मौसमी फल-सब्जियां, पर्याप्त पानी और नींद लेना शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है।




झज्जर। नागरिक अस्पताल की खिड़की पर लगी भीड़।

## रेलवे फुटओवर ब्रिज हुआ जगमग लाइटें लगने से यात्रियों को राहत



बहादुरगढ़। रेलवे फुटओवर ब्रिज पर लगाई गई एलईडी लाइट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के रेलवे स्टेशन पर अधूरे पड़े फुटओवर ब्रिज पर अब रोशनी की व्यवस्था कर दी गई है।

ब्रिज पर नई एलईडी लाइटें लगाई गई हैं, जिससे रात के समय यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि लाइटें ऊर्जा-संरक्षण वाली हैं और इनसे बिजली की खपत कम होगी। साथ ही, प्लेटफॉर्म और सीढ़ियों पर पर्याप्त रोशनी मिलने से सुरक्षा भी बढ़ेगी। सतपाल हाड़ा समेत अन्य यात्रियों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इससे रात के समय यात्रा करना अब और आसान हो जाएगा।

## फैक्ट्री से 24 घंटे बाद भी उठ रहा धुआं

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित जूता फैक्ट्री में लगी आग पर 12 घंटे बाद करीब 9 बजे पूरी तरह से नियंत्रण पाया गया। हालांकि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी फैक्ट्री से धुआं उठ रहा है। मलबे के बीच कहीं-कहीं हल्की आग भी सुलग रही है।

आग से फैक्ट्री मालिक को काफी नुकसान हुआ है।आग लगने की यह घटना एमआईई पार्ट-1 में स्थित शूज क्राफ्ट इंडस्ट्रीज में रविवार की सुबह 9 बजे हुई थी। रबड़ व केमिकल आदि माल होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते तिमंजिला भवन को आगोश में ले लिया। बहादुरगढ़, रोहतक व दिल्ली सहित अन्य जगहों से आई दमकल गाड़ियों के सहारे आग बुझाने में दमकल कर्मियों ने कई घंटे तक कड़ी मशक्कत की। रात करीब 9 बजे आग पर नियंत्रण पाया गया। इसके बाद टीमें लौट गई लेकिन तब तक फैक्ट्री में मौजूद काफी माल जलकर राख हो गया। भवन को भी बेहद नुकसान हुआ है।

टीन शेड पर बना एक तल कहीं हद तक नष्ट हो गया है। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद सोमवार की दोपहर को तक भी मलबे से धुआं उठ रहा था। मलबा पूरी तरह ठंडा होने के बाद सर्वे होगा, जिसके बाद नुकसान का सही आंकलन हो सकेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## किसानों की समस्याओं का समाधान करने में असमर्थ रही सरकार : नरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

■ जन नायक जनता पार्टी के किसान सेल की बैठक

सोमवार को जन नायक जनता पार्टी कार्यालय में किसान सेल द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता किसान सेल के प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका व जिलाध्यक्ष संजय दलाल ने की। मीटिंग में नरेश द्वारका ने कहा कि आज के समय में प्रदेश का किसान किस कद्र प्रताड़ित है वो सब के सामने है। वर्तमान सरकार किसानों की आम जरूरतों जैसे यूरिया, डीएपी खाद की कमी या फिर प्रदेश में जल भराव की समस्या का समाधान करने में असमर्थ नजर आई है। प्रदेश का किसान परेशान व मौन है।

#### जलभराव से फसलें खराब

उन्होंने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया जिसमें जल भराव की समस्या उभर कर सामने आई है। इस जल भराव के कारण किसानों की खरीफ की फसल लगभग खराब होने की स्थिति में है।



झज्जर। बैठक के उपरांत उपस्थित जेजेपी पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता।

#### मुआवजा देने की मांग

पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ ने बताया कि उनके क्षेत्र में भी जल भराव की समस्या चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा की सरकार को जल्द से जल्द किसानों को उनकी फसल के खराब होने का उचित मुआवजा देना चाहिए, जिससे किसानों को आर्थिक बोझ से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि पार्टी किसानों को समस्याओं को उठाने के लिए हमेशा आगे रही है। मीटिंग में झज्जर हलका प्रधान मिंटू ठेकेदार, बादली हलका प्रधान धर्मेंद्र गुलिया, मनोज पांचाल, रामनिवास गिरावड़, नसीब भारतीय, मास्टर रामचंद्र, धर्म कबलाना, बिल्लू भदानी, उद्धम दलाल, प्रेम सिंह, महेंद्र, रामफूल, करतार मास्टर, कप्तान गुढ़ा, सीताराम जांगड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## विधायक से की गेटवे ऑफ हरियाणा बनवाने की मांग

क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के अनुसार दिल्ली से हरियाणा के प्रवेश करते ही बहादुरगढ़ में दिखना चाहिए भव्य स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बीते कई सालों से बहादुरगढ़ को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के लिए समर्पित क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने सोमवार को विधायक राजेश जून से सेक्टर-9 मोड़ पर "गेटवे ऑफ हरियाणा" स्वागत द्वार तथा पार्क के निर्माण की मांग की। ज्ञापन सौंपते हुए ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि ऐसा होने के बाद दिल्ली से हरियाणा में प्रवेश करते ही लोगों को भव्य स्वरूप नजर आएगा। इससे बहादुरगढ़ के साथ ही हरियाणा की शान बढ़ेगी। ट्रस्ट के सक्रिय सदस्यों ने सोमवार को विधायक राजेश जून से उनके कार्यालय में मुलाकात की और इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि दिल्ली से बहादुरगढ़ में प्रवेश करने पर दिल्ली-रोहतक रोड व बहादुरगढ़ बाइपास के मध्य सेक्टर-9 के निकट एक आकर्षक प्रवेश द्वार बनवाया जाए। साथ ही इस स्थान पर "गेटवे ऑफ हरियाणा" नामक एक पार्क का निर्माण किया जाए। इस पार्क में एक भव्य तिरंगा स्थापित किया जाए तथा उचित प्रकाश व्यवस्था की जाए।



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को ज्ञापन देते क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्य।

#### बाईपास पर बना सकते है पार्क

यह पार्क बाइपास के पास उपलब्ध खाली भूमि पर बनाया जा सकता है। यह प्रवेश द्वार दिल्ली से हरियाणा में प्रवेश करने पर राज्य की पहचान को दर्शाएगा। यह परियोजना बहादुरगढ़ शहर की छवि को अधिक आकर्षक बनाएगी। वर्तमान में यह क्षेत्र गंदगी व असुरक्षा के कारण उपेक्षित है। कई बार छीना-झपटी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। पार्क एवं प्रवेश द्वार बनने से यहां स्वच्छता रहेगी और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। सेक्टर-9, डीएमआरसी स्टाफ क्वार्टर और आसपास रहने वाले नागरिक लाभान्वित होंगे। प्रदीप रेढू के अनुसार इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्यवाही होने चाहिए। विधायक राजेश जून के सक्रिय प्रयासों से यह स्थल बहादुरगढ़ की पहचान व गौरव का प्रतीक बन सकता है। ज्ञापन लेते हुए विधायक ने इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।